# सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र

ब्लॉक- जे.डी., सेक्टर- III, सॉल्ट लेक, कोलकाता- 700106


## हिंदी पखवाड़ा -2022 का संक्षिप्त अनुपालन प्रतिवेदन

केंद्र में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 14-29 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। केंद्र के निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफ़ेसर तनुश्री साहा दाशगुप्ता द्वारा कुलसचिव सुश्री सोहिनी मजुमदार, कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के समस्त सदस्यों, वरिष्ठ अधिकारीगण, सहकर्मियों और केंद्र के शोध छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में निर्धारित 'आज का शब्द' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वागत कक्ष में रखे श्वेत पट्ट पर 'आज का शब्द' लिख कर हिंदी पखवाड़ा-2022 का शुभारंभ किया गया। साथ ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा सितंबर माह में विशेष रूप से कार्यालयीन टिप्पण, पंजिका में प्रविष्टियाँ, हस्ताक्षर, पत्र लेखन आदि जैसे कार्यालयीन कार्यों को राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक करने हेतु सूचना जारी किया गया जिससे पुरे माह में उक्त कार्यों में हिंदी में किए गए कार्यों में उत्साहवर्धक वृद्धि देखी गई।

इस माह में आयोजित किए गए हिंदी पखवाड़ा के सुअवसर पर हर वर्ष की तरह विभिन्न प्रतियोगिताओं/ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दिनांक 14.09.2022 को हिंदी दिवस के सुअवसर पर 'हिंदी दिवस समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह में अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए डॉ. श्रीपर्णा तरफदार, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, बंगवासी मॉर्निंग कॉलेज, कोलकाता; श्री मृत्युंजय कुमार सिंह, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं प्रख्यात हिंदी लेखक और श्री लखन कुमार सिंह, वरिष्ठ हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, कोलकाता उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ केंद्र के निदेशक, कुलसचिव, मुख्य अतिथिगण के हाथों समस्त अधिकारी एवं कार्मिक सदस्यों तथा शोध छात्र-छात्राओं की उत्साहवर्धक उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम के साथ किया गया। समारोह में निदेशक महोदया ने स्वागत वक्तव्य रखते हुए हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रगामी विकास के लिए केंद्र के समस्त सदस्यों को कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के अधिक से अधिक प्रयोग करने हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित कीं। जिसके उपरांत कुलसचिव महोदया ने प्रस्तावना के रूप में अपने वक्तव्य में केंद्र में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए हिंदी दिवस की सार्थकता एवं महत्ता पर अपने विचार प्रकट करते हुए समस्त सदस्यों को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दीं।

समारोह में अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. श्रीपर्णा तरफदार ने "*वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत में भाषाई संकट का स्वरूप और समाधान*" विषय पर अपने मौलिक विचार प्रस्तुत कीं, हिंदी प्राध्यापक श्री एल. के. सिंह ने "*राजभाषा हिंदी के संवैधानिक प्रावधानों पर चर्चा करते हुए राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित चुनौतियाँ और समाधान*" विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिए एवं उपस्थित वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और प्रख्यात हिंदी लेखक श्री मृत्युंजय कुमार सिंह ने "*हिंदी की सामासिक संस्कृति और हिंदी - बांग्ला का अंतर्संबंध*" विषय पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए हाल ही में प्रकाशित

काव्यकृति *'द्रौपदी* के एक अंश का सस्वर हृदयस्पर्शी गायन किया जो समस्त प्रेक्षक के अंतःकरण को भावविभोर कर दिया। इसके उपरांत केंद्र के शोधछात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुती ने समारोह को अत्यंत ही सजीव, मनोरम और हृदयंगम बना दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का सफल समापन किया किया।

इसके उपरांत दिनांक 19.09.2022 को हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा इस प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार विजेता केंद्र के शोध छात्र श्री शिवम मिश्रा, द्वितीय पुरस्कार विजेता श्री सब्यसाची मंडल, परिचारक (प्रशासन), एवं तृतीय पुरस्कार विजेता श्री शशांक शेखर पांडेय, शोधछात्र (जेआरएफ) रहे। इसके उपरांत केंद्र में दिनांक 26.09.2022 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. राजीव कुमार रावत, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, आईआईटी, खड़गपुर, पश्चिम बंगाल द्वारा केंद्र के समस्त कार्मिक सदस्यों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित कार्यों को राजभाषा हिंदी में सहज रूप से करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

इस हिंदी पखवाड़े की अंतिम प्रतियोगिता दिनांक 29.09.2022 को 'हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' के रूप में आयोजित की गई। जिसमें कुल 32 प्रतिभागियों (08 समूह, प्रत्येक समूह में 4 प्रतिभागी) ने भाग लिया तथा इस प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार विजेता समूह - 'ङ'; द्वितीय पुरस्कार विजेता समूह- 'क' एवं तृतीय पुरस्कार विजेता समूह- 'ग' रहे। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के साथ ही हिंदी पखवाड़ा-2022 का भी सफलतापूर्वक समापन किया गया।

हिंदी पखवाड़ा -2022 के अंतर्गत आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार राशि के साथ प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया एवं समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता हेतु प्रमाण पत्र के साथ सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक-एक हिंदी पुस्तक प्रदान किया गया। इस प्रकार हिंदी पखवाड़ा-2022 का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया जिसके आयोजन में केंद्र के समस्त अधिकारी एवं कार्मिक सदस्यों, शोधछात्र-छात्राओं ने सहर्ष एवं उत्साहवर्धक रूप से सहयोग प्रदान किया।

तनुश्री साहा-दासगुप्ता

अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति

अध्यक्ष
राजभाषा कार्यान्वयन समिति
सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र
ब्लॉक-जे.डी., सेक्टर-III, सॉल्ट लेक
कोलकाता-700106

# सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र

ब्लॉक -जे.डी., सेक्टर-III, सॉल्ट लेक, कोलकाता- 700106

## हिंदी पखवाड़ा - 2022
















# सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र

ब्लॉक -जे.डी., सेक्टर-III, सॉल्ट लेक, कोलकाता- 700106

## हिंदी पखवाड़ा - 2022















